कार्यकारिणी समिति,नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक 18.05.2013 को संपन्न, बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

क्र0	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	श्री सुशील कुमार चौधरी, भा०प्र०से०,(सेवा निवृत)	मुख्य सचिव (सेवा निवृत), झारखण्ड, राँची (पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय)	सभापति	उपस्थित
2	श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
3	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	महामहिम राज्यपाल,झारखण्ड के प्रधान सचिव, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
4	श्री हंसराज सिंह	संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य वित्त विभाग के प्रतिनिधि वित्त सचिव द्वारा मनोनीत	उपस्थित
5	श्री फिदेलिस टोप्पो	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड राँची	सदस्य	उपस्थित
6	श्री राम नरेश सिंह	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सरदस्य सचिव	उपस्थित
7	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184 / सी0 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	उपस्थित
8	डा0 रजी अहमद	रीभर साइड, नावाटोली मेदनीनगर, पलामू	सदस्य	अनुपस्थित

कार्यकारिणी समिति की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. गत बैठक के अनुपस्थित सदस्यों का अनुपस्थिति–अवकाश (Leave of Absence) की स्वीकृति दी गई।
2. कार्यकारिणी समिति की, दिनांक 25.04.2013 को सम्पन्न, बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।
3. कार्यकारिणी समिति की गत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन स्वीकृत किया गया।
4. नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति हेतु, समिति द्वारा पारित नियुक्ति, सेवा शर्त तथा अनुशासन नियमावली (Recruitment, Service Condition and Disciplinary Rules) -2011 के Chapter -2 के नियम 4 के आलोक में स्क्रीनिंग का गठन किया गया जो निम्नवत् हैः–

   अध्यक्ष – श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा0प्र0से0, प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड, राँची ।
   सदस्य – श्री कृष्ण स्वरुप प्रसाद, नेतरहाट विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक।
   सदस्य – श्री विद्याकान्त पाठक, उप सचिव, गृह विभाग, झारखण्ड, राँची।
5. उपरोक्त नियमावली के आलोक में चयन समिति के अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति के सभापति होगे । चयन समिति के अन्य तीन सदस्यों का मनोनयन करने के लिए सभापति को अधिकृत किया गया ।
6. प्राचार्य द्वारा बताया गया कि अंग्रेजी की नवनियुक्त शिक्षिका सुश्री / श्रीमती इसरत परवीन तथा चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्त डॉक्टर दीपक माझी द्वारा, योगदान की निर्धारित अंतिम तिथि 15.05.2013 तक, योगदान नही किया गया है।

   प्राचाय को निर्देश दिया गया कि शिक्षक / चिकित्सा पदाधिकारी के रिक्त पदो पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जाए।

7. विद्यालय परिसर अंतर्गत आकस्मिक / अत्यावश्यक मरम्मति या लघु निर्माण कार्य (लागत 1 लाख रू के अन्तर्गत) मजदूर एंव साम्रगी कम्पोनेन्ट के आधार पर, प्रशासनिक पदाधिकारी को सम्पादित कराने के लिए अधिकृत किया गया ।

8. विद्यालय में पार्ट टाईम चिकित्सा सेवा देने हेत् इच्छुक चिकित्सको (नेतरहाट के पूर्ववर्ती छात्रों) को आमंत्रित कर सूची तैयार करने का निर्णय किया गया । ऐसे इच्छुक चिकित्सकों को रांची से नेतरहाट जाने-आने तथा नेतरहाट मे आवासन, भोजन आदि की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की जायेगी ।

9. प्राचार्य को निर्देश दिया गया कि अगस्त 2013 से विद्यालय के छात्रो के लिए मेधा डेयरी, लोहरदगा से दूध की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

10. प्रशासनिक पदाधिकारी एंव कंनीय अभियन्ता को निर्देश दिया गया कि सभी आश्रमों, पाकशालाओं, शिक्षक-आवासों आदि में अनुपयुक्त हो चुके नल, बेसीन, Flush, पाईप इत्यादि को मरम्मत / बदल कर अविलंब उपयोगी बनाया जाए । इस कार्य हेतु 20 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई। वे कृत कार्रवाई से 10.06.2013 तक श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा0प्र0से0, प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड–सह–सदस्य, कर्यकारिणी समिति, ने0वि0स0 को अवश्य अवगत करायेंगे ।

11. छात्रों के लिए विभिन्न गोदरेज के उपस्करो के क्रय हेतु आमत्रिंत की गई निविदा के संबंध में प्राचार्य द्वारा बताया गया कि कुछ कम्पनियों द्वारा आपत्ति जताई गई है कि किसी खास ब्रांड की अपूर्ति हेतु निविदा नियम संगत नहीं है।

    उक्त निविदा को रद्द करने का निर्णय लिया गया ।

12. प्राचार्य को मनोनयन के आधार पर, लब्ध प्रतिष्ठित गोदरेज कम्पनी से दर प्राप्त कर निगोसिएशन (दर वार्ता) के पश्चात्, सीधे क्रय करने के लिए अधिकृत किया गया । राज्य सरकार में गोदरेज कम्पनी से मनोनयन के आधार पर क्रय करने के अनेक पूर्व उदाहरण है।

13. प्राचार्य को निदेश दिया गया कि विद्यालय में तृतीय/चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के रिक्त पदों पर विज्ञापन प्रकाि"ात कर 31.07.2013 तक नियुक्ति करना सुनिश्चित किया जाए। नियुक्ति प्रक्रिया की मॉनिटरिंग श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा0प्र0से0, प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड– सह– सदस्य, कर्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा की जाएगी ।

सभापति द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की समाप्ति की गई।

ह0/–

(सुशील कुमार चौधरी)
सभापति,
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।